हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 लाखों महापुरुषों के मेहनत, बलिदान...



14 आयुष मेले में 210 मरीज हुए लाभान्वित





## खबर संक्षेप

### तीन माह में 286 गुम इंसानों की तलाश

**महासमुंद।** जिले में गुम हुए बालक, बालिका, महिला, पुरुषों की दस्तयाबी के लिए महासमुंद पुलिस ने 1 जनवरी से 30 मार्च तक विशेष अभियान चलाया, सभी थाना क्षेत्रों से अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। जिनके द्वारा राज्य के अंदर और दीगर राज्य ओड़िशा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर से 58 बालिका, 2 बालक, 174 महिला, 52 पुरुष, कुल 286 गुम इंसान की तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। इस पूरे अभियान में वरिष्ठ आरक्षकों का विशेष योगदान रहा। युक्क युवतियों के परिजनों ने कहा कि पुलिस की मदद से हमसे बिछड़े मिले। बच्चों को ढूंढ़कर परेशान हो चुके थे। रिश्तेदारों के यहां भी पतासाजी की, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया था। कुछ परिजनों ने कहा कि हम तो पूरी तरह से उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पुलिस की इस पहल से हमारे घर में फिर से खुशियां लौट आई। लोगों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला अस्पताल का विधायक ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** सोमवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा खरोरा स्थित जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने ओपीडी काउंटर, वार्डों में भर्ती मरीज व उनके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही अलग- अलग विभागों में जाकर अस्पताल के स्टाफ से भी कार्यों की जानकारी ली। साथ ही वहां उपस्थित विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को मरीजों की सही देखरेख, समुचित इलाज उपलब्ध कराने की हिदायत दी। साथ ही गर्मी को देखते हुए अस्पताल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया। सबसे पहले विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ओपीडी काउंटर के पास पहुंचे और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे मरीज व उनके परिजनों से बातचीत की। साथ ही जांच कराने पहुंची गर्भवती महिलाओं से भी हालचाल जाना। इसके पश्चात वे अलग-अलग वार्डों में भर्ती मरीजों से मिलने पहुंचे। चिकित्सकों की उपस्थिति में मरीजों से इलाज के संबंध में जानकारी ली।

# सुशासन तिहार का पहला चरण आज से, पंचायतवार बनाए गए नोडल अधिकारी

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार की तैयारी की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पहले आवेदन करने वाले आवेदक का होगा अभिनंदन, ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन दोनों माध्यम से कर सकेंगे आवेदन

सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 का प्रथम चरण 8 अप्रैल से शुरू हो रहा है। प्रथम चरण अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन दोनों माध्यम से कर सकेंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज एसडीएम, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर जिले में सुशासन तिहार की तैयारी की समीक्षा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल भी उपस्थित थीं।

कलेक्टर दीपक सोनी कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में सुशासन तिहार आयोजन हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तैयारी के लिए गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण अंतर्गत 8 अप्रैल से शुरू हो रहे आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई को ▶▶ शेष पेज 13 पर



### समाधान पेटी में जमा करना होगा आवेदन

कलेक्टर सोनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आवेदकों द्वारा मंगाए जाने वाले खाली आवेदन पत्रों के प्रारूप विकासखंडवार, ग्राम पंचायतवार, नगरीय निकायवार उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदक निर्धारित प्रारूप को लेकर आवेदन समाधान पेटी में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक अपने अनुसार आवेदन लिखकर भी समाधान पेटी में आवेदन दे सकते हैं, जो आवेदन समाधान पेटी में आएंगे, उनकी पोर्टल में प्रविष्टि करते समय आवेदन क्रमांक स्वतः जनरेट हो जाएगा। सुशासन तिहार 2025 के सम्बन्ध में एनआईसी द्वारा पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से आवेदक ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

## क्रांतिसेना व जोहार पार्टी ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# किसान की पिटाई के खिलाफ ग्रामीणों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





खिलोरा में गत दिनों हुई घटना को लेकर क्रांति सेना व जोहार पार्टी ने सोमवार को पुराना बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन कर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

उक्त धरना प्रदर्शन में छग जोहार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यदु, क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत यदु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा में प्रदेश अध्यक्ष जोहार पार्टी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में बलौदाबाजार विधानसभा में फिर एक छत्तीसगढ़िया पर परदेशिया गुंडों द्वारा अमानवीय घटना की गई है। ऐसे अपराधी तत्व के लोगों को भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है, जिसे जोहार पार्टी व क्रांति सेना विरोध करती है।

अमित बघेल ने कहा कि सरकार का जहां-जहां कार्यालय खुला है वहां भट्ठी खोल दे, जो छत्तीसगढ़िया का अहित करेगा उसका भी हिसाब किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में मारवाड़ियों की ही गुंडागर्दी चल रही है। उन्होंने मांग की कि राइस मिल व अवैध कब्जा को तुरंत हटाया जाए। क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत यदु ने कहा खिलोरा ग्राम की घटना पर पीड़ित के आंसू पोंछने नहीं कांग्रेस और न ही भाजपा नेता पहुंचे। यही नहीं प्रशासन के जिम्मेदार लोग भी पीड़ित का हालचाल जानने नहीं आए। ग्रामीणों एवं पीड़ित किसान को न्याय दिलाने के लिए क्रांति सेना व जोहार पार्टी आखिरी दम तक लड़ेगी। उन्होंने शासन प्रशासन व कांग्रेस तथा भाजपा के नेताओं को आड़े हाथों लिया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र यदु के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर एसडीएम कार्यालय में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

### आरोपियों ने किसान को जमकर पीटा था

सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम खिलोरा में तिल्दा निवासी रौनक अग्रवाल व उनके सहयोगियों द्वारा गांव के बुजुर्ग किसान खोरबाहरा जायसवाल 57 वर्ष को रात 12.30 बजे अगुआ कर बंधक बनाकर बर्बरता पूर्वक अमानवीय ढ़ंग से जूता-चप्पल, लाठी एवं बेल्ट से अधमरा होते तक मारपीट किया किए। घटना की सूचना पर हथबंद थाना से सिपाही मौके पर पहुंचे, लेकिन घायल पीड़ित पुलिस कर्मचारियों ने अस्पताल नहीं पहुंचाया और न ही किसी प्रकार की मदद की और तो और पीड़ित का रिपोर्ट भी नहीं लिखी गई। रौनक अग्रवाल जो खिलोरा में राइस मिल बना रहा है, जिसके द्वारा शासकीय भूमि में बलात कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है कि शिकायत खोरबाहरा जायसवाल एवं ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से की थी। जिससे चिढ़ कर गांव में दहशत, दादागिरी, गुंडागर्दी स्थापित करने के लिए उक्त घटना को अंजाम दिया गया।

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार



बलौदाबाजार। ग्राम खिलोरा के ग्रामीण के साथ मारपीट प्रकरण में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 1 अप्रैल की रात करीब 12.30 बजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम देखकर अपने घर वापस आ रहा था। इसी बीच आरोपी शत्रुघन नवरंगे द्वारा जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसे अपनी स्कूटी में बैठाकर अपने घर ले गया। घर पहुंचने पर प्रकरण में शामिल आरोपियों द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर, लाठी–डंडा, जूते चप्पल आदि से मारपीट की गई है। रिपोर्ट पर थाना हथबंद में बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जांच पतासाजी एवं विवेचना कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल आरोपी देवनारायण साहू 44 साल एवं शत्रुघन नवरंगे 31 साल दोनों निवासी ग्राम खिलोरा को हिरासत में लिया गया। पुलिस दोनों आरोपियों से विस्तृत एवं गहन पूछताछ में जुटी है।

## रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा और लगाए जयश्रीराम के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



- बनाई गई रंगोली और जलाए गए 9 दीप

अंचल में राम नवमी का पर्व श्रद्धा-भाव के साथ मनाया गया। यह पर्व भगवान श्रीराम के जन्म का उत्सव है, जो हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। भगवान श्रीराम को उनके आदर्श जीवन, इमानदारी, दयालुता और साहस के लिए श्रद्धा और सम्मान दिया जाता है।

ग्रामवासियों ने इस अवसर पर अपने घरों में भागवत ध्वज लगाए और रंगोली बनाकर पूजा अर्चना की। घरों के दरवाजों पर चावल आटे से चौक पुरकर और रंगोली सजाकर 9 दीपक प्रज्वलित किए। दिनभर श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा की और भगवान श्रीरामचंद्र की आरती की।

वहीं, मंदिरों में भी विशेष दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे और भगवान राम की पूजा अर्चना की। इस दौरान क्षेत्र में ▶▶ शेष पेज 13 पर

### जसगीत व मांदर की थाप पर जोत जंवारा विसर्जित



खरोरा। रामनवमी पर रविवार को ग्राम केशला, माठ, बुडेनी, कंनकी, परसदा आदि गांवों में प्रज्जवलित, महामाया मंदिरों में स्थापित जोत–जंवारा का पूजापाठ के बाद विसर्जन किया गया। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते गाते मांदर की थाप पर भक्तों ने जोत–जंवारा का विसर्जन किया गया। खुले पैर महिलाएं सिर पर कलश धारण कर माता की भक्ति में लीन दिखीं। तेज धूप की तपन से बचने के लिए सेवादार सड़कों पर पानी का छिड़काव करते चल रहे थे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# गांवों में पानी की समस्या, सरपंचों ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश चवरे ने अपने साथियों के साथ सभाकक्ष में बैठक लेकर सर्व सम्मति से मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिमगा अमित दुबे को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि गर्मी के चलते ग्राम पंचायतों में भीषण पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस कारण गांवों में पानी को लेकर स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि 17 मार्च से सचिव संघ हड़ताल में होने के कारण बहुतायत सरपंचों का प्रभार नहीं हो पाया है एवं वर्तमान में लगभग सभी पंचायतों में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पंचायतों में अनेक प्रकार की मूलभूत समस्याओं से ग्रामीणों को जुझना पड़ रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित हो रही है। इसके चलते ग्राम पंचायतों के सुचारू रूप से संचालन ▶▶ शेष पेज 13 पर

## सोसाइटी पुनर्गठन के लिए दावा आपत्ति 1 मई तक

**बलौदाबाजार।** जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों की पुनर्गठन योजना 2025 जारी की गई है। पुनर्गठन योजना 2025 के तहत अनुसूची–एक, दो, तीन जारी किया गया है। इसका अवलोकन समस्त समिति कार्यालयों, समस्त सहकारी बैंक शाखा कार्यालयों, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सकारी केन्द्रीय बैंक बलौदाबाजार तथा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला बलौदाबाजार में किया जा सकता है। इस संबंध में सोसाइटी के सदस्यों, हितबद्ध पक्षकार, सोसाइटियों, बैंक शाखाओ एवं अन्य द्वारा सोसाइटी के पुनर्गठन से संबंधित अपना अभ्यावेदन दावा आपत्ति लिखित में कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार–भाटापारा में तीन प्रतियों ▶▶ शेष पेज 13 पर

# पांचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



बीडीएस सेजेस स्कूल सोमवार से पांचवीं एवं आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ हो गया। इस कार्य में खरोरा परिक्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों से आए अनुभवी शिक्षकों की टीम भाग ले रही है। मिडिल स्कूल छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं तारकेश्वर कुमार धीवर ने बताया कि मूल्यांकन कार्य शिक्षा विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित किया जा रहा है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और शांतिपूर्ण वातावरण में कार्य संपन्न किया जा रहा है। मिडिल स्कूल कुम्हारी से योगेंद्र देवांगन तथा मिडिल स्कूल पचरी से युगल किशोर वर्मा ने बताया कि मूल्यांकन कार्य सुबह 10 से 5 बजे तक किया जाना है तथा प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को प्रति दिवस ▶▶ शेष पेज 13 पर

## सुशासन का तीन चरणों में होगा आयोजन

# सुशासन अभियान के लिए कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय स्तर पर जनसामान्य को किसी भी प्रकार के समस्या मांग एवं निराकरण के लिये विष्णु देव साय सरकार द्वारा सुशासन 2025 का 3 चरणों में आयोजन किये जाने अधिकारिक स्तर पर निर्देश जारी होने के पश्चात सुशासन 2025 की तैयारी की जा रही हैं। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप वार्डों में आवेदन प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया एवं कार्रवाई की समीक्षा व चर्चा की गई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि सरकार की इस पहल से जनसामान्य को निश्चित ही लाभ मिलेगा। नगर की जनता के लिये यह अच्छा अवसर हैं। श्री जैन ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में एक पेटी रखी जायेगी, जिसमें नगर की जनता अपनी शिकायत व मांग उक्त बाक्स में डाल सकते हैं। साथ ही सुशासन 2025 के लिए ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता हैं। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 21 तक में सुशासन 2025 का आयोजन के लिये तैयारी पूर्ण किये जाने की जानकारी देते हुये मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोइ ने बताया की 8 से 11 अप्रैल तक वार्ड में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 मई तक वार्डों से प्राप्त जनसमस्या एवं नागरिक गणों की शिकायत पर निराकरण किये जाने की कार्रवाई की जायेगी व मांग पत्र का परीक्षण भी किया जावेगा। तृतीय चरण में समाधान शिविर सुशासन 2025 के लिए 5 से 31 मई में प्राप्त शिकायत एवं मांग पर किये गये समाधान एवं निराकरण की जानकारी दिये जाने की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी व शासन स्तर पर लाभांवित को शिकायत अनुरूप किये गये निराकरण एवं दिये गये आवेदन पर कार्रवाई से अवगत कराया जावेगा।

### पंचायतों में सुशासन त्योहर, एसडीएम ने ली बैठक

**सिमगा।** जनपद पंचायत सिमगा के सभाकक्ष में एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरूद्ध मिश्रा, सीईओ अमित दुबे ने पंचायतों में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में छ.ग. शासन द्वारा वर्ष 2025 में सुशासन तिहार संचालित करने हेतु तीन चरणों में आयोजित करने का निर्देश प्रसारित किया गया है। प्रथम चरण हेतु कार्रवाई 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों में आम जनताओं के समस्या से संबंधित आवेदन लेने हेतु एक समाधान पेटी रखी जावेगी। जिसमें ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदन उस समाधान पेटी में स्वयं आवेदक द्वारा डाला जायेगा, जिसकी सुरक्षा के लिये एवं व्यवस्था हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायकों को नियुक्त किया गया है। जो कि 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों को व्हाटसअप के माध्यम से जनपद पंचायत में नियुक्त किये गये ऑपरेटर के पास भेजेगा। द्वितीय चरण कार्रवाई 12 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित किया जावेगा, जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारी को भेजा जावेगा एवं उक्त आवेदनों का निराकरण करने की कार्रवाई की जावेगी। तृतीय चरण के अंतर्गत 5 से 31 मई तक प्रत्येक ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित कर प्रथम चरण में आवेदनों का निराकरण की कार्रवाई सुनाई जावेगी।



### इनकी ड्यूटी लगाई

इस हेतु वार्ड क्रमांक 1 में राजेश यादव, वार्ड क्रमांक 2 तुलसी राम यादव, वार्ड क्रमांक 3 में सत्येद्र सिन्हा, वार्ड क्रमांक 4 में अनीता रात्रे, शिक्षिका वार्ड क्रमांक 5 हेमलता पैकरा, शिक्षिका वार्ड क्रमांक 6 में दौलत राम वर्मा, शिक्षक वार्ड क्रमांक 7 में सालिक राम वर्मा, वार्ड क्रमांक 8 में कैलाश सोनी, वार्ड क्रमांक 9 रजनीश मिश्रा, वार्ड क्रमांक 10 नीरज बंजारे, शिक्षकवार्ड क्रमांक 11 ऋषभ जायसवाल, शिक्षक वार्ड क्रमांक 12 रामनरेश मतावले, वार्ड क्रमांक 13 रामनाथ साहू, शिक्षकवार्ड क्रमांक 14 में गोपाल पटेल, शिक्षक वार्ड क्रमांक 15 में सुरेद्र सोना, वार्ड क्रमांक 16 में प्रदीप पटेल, शिक्षक वार्ड क्रमांक 17 गुरूदत्त तिवारी, वार्ड क्रमांक 18 चंद्रवती टंडन, शिक्षकवार्ड क्रमांक 19 में किशोर यादव, वार्ड क्रमांक 20 सुलोचना ध्रुव, शिक्षिका वार्ड क्रमांक 21 नंदकिशोर नेताम की ड्यूटी लगायी हैं। इसके लिए वार्ड में निर्धारित स्थल पर आवेदकगणों से वार्डवार बाक्स में आवेदन लिया जावेगा।

# जिले में मना रोजगार दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने नेतृत्व में महात्मा गांधी नरेगा के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

रोजगार दिवस में जनभागीदारी से जल संरक्षण के बारे में संगोष्ठी के साथ ही साथ 8 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले सुशासन तिहार, आवास सर्वे 2.0 एवं 1 अप्रैल से मनरेगा में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दर में वृद्धि 261 रूपये होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि महात्मा गांधी नरेगा के तहत जिले में कुल 2697 कार्य संचालित है, जिसमें 8880 श्रमिक नियोजित है। जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्यक्षेत्र पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायतों में नरेगा के तहत विभिन्न कार्य संचालित हैं, जिसमें ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# खबर संक्षेप

## वक्फ कानून से मजबूत होगी आर्थिक स्थिति

**रायपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक युनूस कुरैशी एवं सह संयोजक रिजवान पटवा ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा वक्फ एक्ट में किए गए संशोधन का स्वागत करते हुए कहा कि यह कानून देश के मुसलमानों के साथ न्याय करने वाला कानून है। पूर्व में वक्फ एक्ट में जो विसंगतियां थीं, उसे दूर कर यह कानून बनाया गया है, जिसके लिए हम प्रधानमंत्री एवं केंद्र की एनडीए सरकार को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि पारित वक्फ संशोधन कानून भूमाफिया एवं अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने वाला कानून है, नए वक्फ संशोधन कानून से मुस्लिम समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए राज्यों का वक्फ बोर्ड कार्य कर सकेगा, इसका सीधा फायदा देश के सभी मुसलमानों को मिलेगा तथा उनकी शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## विप्र कॉलेज को छात्रवृत्ति के लिए एक लाख रुपए दान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में प्रबंध विभाग के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए एक लाख रुपए बतौर दान दिए। साथ ही लाइब्रेरी में 300 किताबें भी दी गईं। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी से मुलाकात कर यह राशि गौरव शुक्ला की ओर से शिखा शुक्ला ने सौंपी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. तिवारी ने शिखा शुक्ला को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी से अवगत भी कराया। विप्र महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति योजना में भागीदारी के लिए शिखा शुक्ला के प्रति आभार जताया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए और बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया।

## म्यूल खाता मामले में फंसे निर्दोषों की रिहाई के लिए गृहमंत्री शाह से आग्रह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में म्यूल खाता मामले में फंसे सैकड़ों निर्दोष गरीबों, विशेषकर महिलाओं की रिहाई के लिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता एवं सामाजिक न्याय कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने छत्तीसगढ़ दौरे में आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से आग्रह किया है। उन्होंने कहा, राजधानी रायपुर सहित विभिन्न जिलों में झुग्गी बस्तियों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों का उपयोग कर बैंक खाते खोले गए। इन खातों का दुरुपयोग करने का आरोप है् जबकि खाताधारकों को इस संबंध में लेन-देन की कोई जानकारी नहीं है। इस मामले में अब तक लगभग 190 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें बड़ी संख्या में गरीब महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, जानकारी के अनुसार, झारखंड राज्य में ऐसे मामलों में धारा 151 सीआरपीसी के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है, जबकि छत्तीसगढ़ में गंभीर धाराएं लगाई जा रही हैं, वहीं एक जानकारी के अनुसार, जगदलपुर जिले में खाताधारक को प्रार्थी बनाकर कर खाता खुलवाने वाले और खाते का दुरुपयोग करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, जो न्यायोचित है।

# मई में लगेगी पांचवीं-आठवीं की कक्षाएं, इनमें शामिल होंगे वे छात्र जो उत्तीर्ण नहीं कर सकेंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

इस माह मई माह में तपती गर्मी के बीच छात्रों की कक्षाएं संचालित होंगी, लेकिन ये कक्षाएं सिर्फ उन्हीं छात्रों के लिए संचालित होगी जो पढ़ाई में कमजोर हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा कार्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 30 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम घोषित करें। पांचवीं-आठवीं के जो विद्यार्थी इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होंगे, उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए मई माह में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसके बाद उनकी पुनः परीक्षा होगी अर्थात छात्रों को पूरक परीक्षा में बैठना होगा।

डीपीआई के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, दोनों ही कक्षाओं का मूल्यांकन 15 अप्रैल तक सभी जिलों को पूर्ण करना होगा। इसके पश्चात 25 अप्रैल तक अंकसूची तैयार की जाएगी। 28 अप्रैल तक अंकसूची विकासखंड शिक्षा कार्यालय के माध्यम से स्कूलों को वितरित की जाएगी, जहां वे छात्रों के परिणाम घोषित करेंगे। गौरतलब है कि पांचवीं कक्षा का मूल्यांकन कार्य 30 अप्रैल से तथा आठवीं कक्षा का मूल्यांकन कार्य 4 अप्रैल से प्रारंभ किया जा चुका है।

## 30 अप्रैल को जारी होंगे 5वीं-8वीं के परीक्षा परिणाम, इस बार हुई है केंद्रीकृत परीक्षा

### एक जून से पूरक परीक्षाएं

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जनवरी माह में मुख्य परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही पूरक परीक्षाओं के लिए भी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए थे। डीपीआई द्वारा अपने आदेश में कहा गया है कि 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम जारी करने के बाद अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षक कक्षाएं संचालित करेंगे। पूरक परीक्षाएं एक जून से होंगी। ऐसे में अतिरिक्त कक्षाएं मई में ही आयोजित की जाएंगी। इसके लिए समय सहित अन्य चीजों का निर्धारण जिला स्तर पर किया जाएगा।



### 5% उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन फिर से

शिक्षकों को एक दिन में अधिकतम 40 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए दी जा रही हैं। पांचवीं के मूल्यांकनकर्ता को प्रति कॉपी 2 रुपए तथा आठवीं कक्षा के मूल्यांकनकर्ता को प्रति कॉपी 3 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। प्रत्येक केंद्र में एक मुख्य मूल्यांकनकर्ता भी नियुक्त किया गया है। इनके द्वारा शिक्षकों द्वारा जांची गई 5% उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन किया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि मूल्यांकन कार्य उचित रूप से किया जा रहा है अथवा नहीं। मुख्य मूल्यांकनर्ता को प्रतिदिन 100 रुपए तथा मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष को 150 रुपए प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाएगा।

## श्रीनगर जाने पैराडाइज होटल के पास लगता है लंबा जाम, दो प्रोजेक्ट पर चल रहा मंथन

# रेलवे स्टेशन पहुंचने की राह आसान करने बनेगी सड़क, अंडरपास को दही हांडी चौक से जोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गुढ़ियारी से रेलवे स्टेशन तक पहुंच आसान बनाने शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 तक सात सौ मीटर लंबी सड़क बनाने की योजना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को रेलवे की अनुमति का इंतजार है। इसके अलावा दही हांडी मैदान से फाफाडीह अंडरपास को जोड़ने रेलवे अफसर विचार कर रहे हैं। इन दोनों बड़ी योजनाओं को लेकर पिछले दिनों विभागीय अधिकारियों की क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत के साथ बैठक भी हो चुकी है।

शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 7 तक सड़क बनने के बाद फाफाडीह, गुढ़ियारी, श्रीनगर से लेकर महोबा बाजार से रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में लोगों को आसानी होगी और बेवजह ट्रैफिक जाम से जूझना नहीं पड़ेगा। वर्तमान में लोगों को फाफाडीह से गुढ़ियारी जाने डीआरएम ऑफिस, पैराडाइज होटल के पास ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है। नई रोड बनने के बाद ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

### खास बातें

- रेलवे स्टेशन के आसपास रोज जाम के हालात बन रहे
- पीछे के रास्ते से स्टेशन पहुंचना आसान नहीं, दूरी का भी मसला
- रेलवे से पीडब्लूडी ने मांगी अनुमति




### रेलवे ट्रैक से सटकर बनेगी सड़क

गुढ़ियारी, दही हांडी मैदान जाने रेलवे ट्रैक के पास से एक किमी लंबी सड़क बनानी पड़ेगी। उक्त सड़क आगे चलकर फाफाडीह अंडरपास से मिल जाएगी। सड़क की दोनों ओर से कनेक्टिविटी होने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। साथ ही इस मार्ग पर ट्रैफिक दबाव कम होगा।

### महोबा बाजार से स्टेशन पहुंचना होगा आसान

रेलवे द्वारा शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 को जोड़ने की अनुमति मिलने के बाद रोड निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए शासन ने 36 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दे दी है। इसमें से 18 करोड़ रुपए प्रभावित 70 लोगों को मुआवजा बांटा जाएगा। शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 तक सड़क निर्माण की अनुमति मिलने के बाद महोबा बाजार तथा आसपास के लोगों के लिए रेलवे स्टेशन तक पहुंच आसान होगी।

### तीन लाख से ज्यादा आबादी को मिलेगी राहत

शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 तक तथा दही हांडी चौक के पास, फाफाडीह अंडरपास को जोड़ने सड़क बनाए जाने से क्षेत्र के तीन लाख से ज्यादा रहवासियों को इसका फायदा मिलेगा। साथ ही रेलवे स्टेशन के फ्रंट साइड में आवागमन का दबाव कम होगा। लोग स्टेशन के पीछे की तरफ से भी आवाजाही कर सकेंगे।

### प्रक्रिया में लगेगा समय

*अंडरपास तथा सड़क बनाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत से संपर्क करने पर बताया कि अंडरपास को जोड़ने तथा सड़क बनाने सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। साथ ही प्रभावितों को मुआवजा देने चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। क्षेत्रीय विधायक के अनुसार भू-अधिग्रहण करने तथा अन्य प्रक्रिया पूरी करने में चार से छह महीने की प्रक्रिया लग सकती है। इसके बाद ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी।*

### इन क्षेत्रों के रहवासियों को भी मिलेगा फायदा

*शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन को जोड़ने रोड बनाने से गुढ़ियारी, श्रीनगर, महोबा बाजार के अलावा दुर्ग, भिलाई, टाटीबंध, कोटा से रेलवे स्टेशन आने वाले लोगों को इस मार्ग का लाभ मिलेगा। नए मार्ग बनने से लोग सीधे रेलवे स्टेशन पहुंच सकेंगे। इसका सबसे ज्यादा लाभ इस मार्ग से नियमित रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले लोगों को मिलेगा। साथ ही लोगों रेलवे स्टेशन पहुंचने समय की बचत होगी।*

# समय पर नहीं मिल रही पेंशन 30 हजार पेंशनरों का बदलेगा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के 30 हजार पेंशनरों का बैंक अब बदलने की तैयारी है। इसके लिए 10 जोन के 70 वार्डों में 70 बैंक प्रतिनिधि और जोन की टीम बुजुर्गों की मदद करेगी। शिविर लगाकर पेंशनरों के खाते बदले जाएंगे। नए खाते में पेंशनरों का आधारकार्ड नंबर और मोबाइल नंबर भी जुड़ेगा।

खास बात ये है कि चलने-फिरने में असमर्थ, निराश्रित तथा जरूरतमंद पेंशनरों की सुविधा के लिए पूर्व की तरह नकदी में पेंशन देने की व्यवस्था की जाएगी। वार्डों में शिविर लगाकर उन्हें नकदी पेंशन दी जाएगी। बैंक की एटीएम की व्यवस्था भी रहेगी, पर इसकी अनिवार्यता नहीं रहेगी। केंद्र व राज्य शासन की 6 अलग-अलग योजनाओं के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र के 30 हजार पेंशनरों को समय पर पेंशन भुगतान की सुविधा देने नगर निगम अब पेंशनरों का बैंक बदलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, समय पर पेंशन नहीं मिलने, केवाईसी कार्य में




लेटलतीफी सहित अन्य शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए निगम के 30 हजार पेंशनरों के खाते बैंक ऑफ बड़ौदा में खोले जाएंगे। जीरो बैलेंस में संबंधित पेंशनरों के लिए वार्डवार शिविर लगाकर महीनेभर के अंदर खाते ट्रांसफर करने का कार्य पूरा किया जाएगा। पेंशनरों को पेंशन लेने में किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए 70 वार्डों में संबंधित बैंक के प्रतिनिधि और जोन की टीम इस कार्य में मदद के लिए लगाई जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, अभी तक इन पेंशनरों को समता कालोनी स्थित आईडीबीआई बैंक से पेंशन देने की व्यवस्था रही, पर कुछ समय से पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिलने, एटीएम में पैसे जमा होने के बाद भी खाते से आहरण करने में आ रही दिक्कत की शिकायत निगम आयुक्त से लेकर महापौर तक की गई।

### कहीं नाम में त्रुटि, कहीं सरनेम में गलती

नगर निगम की पेंशन शाखा से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, गरीब व जरूरतमंद पेंशनरों को अपने बैंक खाते की केवाईसी कराने में दिक्कत आने की शिकायत मिली। इसके बाद 700 पेंशनरों के नाम में त्रुटि सुधार कराया गया। किसी के नाम की स्पेलिंग में त्रुटि रही तो किसी का सरनेम गलत प्रिंट होने से पेंशनरों के खाते में पेंशन के पैसे जमा तो हो रहे हैं, पर राशि निकालने में दिक्कत हो रही है। इसे दुरुस्त किया जा रहा है।

# लभांडी, कचना, सड्डू के बाहरी इलाके में लगेगी स्ट्रीट लाइट, दलदल सिवनी में बनेगा ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आउटर इलाके में स्थित लभांडी, कचना और सड्डू गांव के बाहरी इलाके अब बिजली की रोशनी से जगमगाएंगे। नगर निगम ने सिटी डेवलपमेंट प्लान में इसे शामिल किया है। इसके लिए 4 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। साथ ही दलदल सिवनी इलाके में डेढ़ एकड़ खाली पड़ी सरकारी जमीन पर 2000 सीटर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। इस पर 35 करोड़ की लागत अनुमानित है।

- निगम ने सिटी डेवलपमेंट प्लान में किया शामिल

नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल जोन-9 के लभांडी, कचना और सड्डू के बाहरी इलाके में प्रकाश की



समुचित व्यवस्था करने नगर निगम स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करेगा, ताकि इस मार्ग में आने-जाने वालों को किसी तरह की असुविधा न हो। लभांडी परिधि क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के लिए 1 करोड़, फुंडहर के परिधि क्षेत्र के लिए 1 करोड़ रुपए, इसी तरह कचना और सड्डू के बाहरी इलाके में प्रकाश व्यवस्था के लिए 1-1 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि रायपुर सिटी डेवलपमेंट प्लान में इन 4 गांवों के बाहरी इलाके में स्ट्रीट लाइट के लिए सोलर पैनल के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है।

### 1.5 एकड़ जमीन पर ऑडिटोरियम

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी क्षेत्र में 1.5 एकड़ जमीन पर सर्वसुविधायुक्त प्रेक्षागृह बनाया जाएगा। 2000 सीटों की क्षमता वाले प्रेक्षागृह के लिए 35 करोड़ रुपए और शहर टाउनहॉल डेवलपमेंट के तहत 200 सीटर प्रेक्षागृह निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

एक हजार से अधिक होंगे शामिल

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बाइक रैली 10 को, हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा महाधिवेशन 13 एवं 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है, जिसकी हर स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में शनिवार को डंगनिया, डीडीनगर, रायपुरा, अश्वनी नगर, रामकुंड, तात्यापारा के परिक्षेत्रीय प्रमुखों की बैठक में इस पर मंथन हुआ। बैठक में विशेष रूप से 10 अप्रैल सद्भावना बाइक रैली के संदर्भ में चर्चा की गई। 10 को दोपहर 3 बजे से बाइक रैली मोवा से निकलकर इंडोर स्टेडियम जाएगी, जिसमें समाज के लगभग 1 हजार अधिक लोग शामिल होंगे। बैठक में इसकी रूपरेखा बनाई गई।

### कलश यात्रा में 500 महिलाएं

बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम के पहले दिवस यानी 13 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 500 महिलाएं भाग लेंगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंचेंगी। इसी दौरान छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन 14 अप्रैल को होगा।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में यशवंत वर्मा, जागेश्वर बघेल, सरिता बघेल, चंद्रकांत वर्मा, संतोष आडिल, जागेश्वर वर्मा, बृजराज वर्मा, सुनील नायक, मंजू धुरंधर, चंद्रिका परगनिहा, कृष्णी वर्मा, भारती चंद्रवंशी, रामकुमार वर्मा, पुष्पलता वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, हरीश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे ने सालभर में बनाए 7134 डिब्बे, जोन में 80 प्रतिशत ट्रेनों में जोड़े नए एलएचबी कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए रेलवे लगातार यात्री कोच की सुविधा में वृद्धि कर रहा है। पुराने कोच हटाकर नए एलएचबी कोच ट्रेनों में जोड़े जा रहे हैं, जिससे यात्रियों का सफर अब और भी आरामदायक हो गया है।

भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7134 कोच का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष के 6541 कोच के उत्पादन की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। इस बढ़ोतरी के कारण अब जोन की 80 प्रतिशत ट्रेनों में एलएचबी कोच लग गए हैं। पुराने नीले व पीले रंगे के कोच हटाए जा चुके हैं। इस वर्ष रेलवे ने 25 से अधिक ट्रेनों में 3 से 4 अतिरिक्त कोच जोड़ने का फैसला लिया है। वर्तमान में अधिकतर ट्रेनों में 4 जनरल कोच शामिल किए गए हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि आम यात्रियों को ध्यान में रखते हुए गैर वातानुकूलित कोच के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में 4601 नॉन-एसी कोच का उत्पादन किया गया।



### 10 साल में 54 हजार से अधिक कोच बने

पिछले कुछ वर्षों लगातार कोच निर्माण में तेजी आई है। 2004 से 2014 के बीच प्रतिवर्ष औसतन 3300 कोच बनाए जा रहे थे। वहीं 2014 से 2024 के बीच 10 साल में कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54809 तक पहुंच गया, जिसका औसत 5481 कोच रहा है।

### कोच निर्माण की तीनों यूनिट में वृद्धि

भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाईयां हैं, जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री और उत्तरप्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ने हुए 3007 कोच का उत्पादन किया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में कोच उत्पादन (वर्ष 2023-24) में 2829 था, जो वर्ष 2024-25 में 3007 हो गया। इस तरह कोच उत्पादन में वृद्धि 178 की हुई है। रेल कोच फैक्ट्री में वर्ष 2023-24 में 1901 और वर्ष 2024-25 में 2102 बने हैं। कोच उत्पादन में वृद्धि 201 हुई है। मॉडर्न कोच फैक्ट्री में कोच उत्पादन वर्ष 2023-24 में 1684 था, जो वर्ष 2024-25 में 2025 हो गया।

### इन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

- हमसफर एक्सप्रेस- एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ा जाएगा, दुर्ग से 11 अप्रैल से और निजामुद्दीन से 12 अप्रैल से
- इंटरसिटी एक्सप्रेस- एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा, बिलासपुर से 14 अप्रैल से, इतवारी से 15 अप्रैल से
- शिवनाथ एक्सप्रेस- एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा, कोरबा से 14 अप्रैल से, इतवारी से भी 14 अप्रैल से
- जनशताब्दी एक्सप्रेस : एक अतिरिक्त चेयरकार कोच जोड़ा जाएगा, गोंदिया से 13 अप्रैल से, रायगढ़ से 14 2025 से

## मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों पर कार्रवाई का एएसपी पांडेय ने दिया ब्यौरा

# एएनटीएफ गठन के बाद 47 मामलों में 1431 किलो से अधिक गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के बाद से अब तक 47 प्रकरणों में कुल 1431 किलो से अधिक गांजा पकड़ाया है। गांजा परिवहनकर्ता के साथ ही गांजा कहां से लाया जा रहा है और कहां पहुंचाया जाना है इसकी जांच कर आरोपियों को पकड़ने में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को लगातार सफलता मिल रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने आज पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारों को बताया कि जिले से पिछले कई वर्षों से अनेक माध्यमों से गांजे की तस्करी जारी थी। इस पर लगाम लगाने और गांजा तस्कर सहित गांजा किसके पास से लाया गया और किसके पास जाना है वहाँ तक पहुंचने के लिए सितंबर 2024 में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया। तब से लेकर अब तक जिले में गांजा के विरुद्ध 47 प्रकरण दर्ज किया गया। जिसमें 88 लोगों से कुल 1431.93 किलो गांजा बरामद किया जा चुका है। जब्त गांजे का बाजार मूल्य 2 करोड़ 32 लाख 20 हजार 325 रुपए है। इसके अलावा 600 नग नशीली टैबलेट, 120 नग कफ सीरप, 200 नग एम्पुल तथा अफीम पोस्ट डोडा 2240 किलो कीमत 2 लाख 26 हजार 600 रुपए एवं 44 नग वाहन




कीमत 1 करोड़ 71 लाख 45 हजार रुपए इस तरह (कुल कीमत 4 करोड़ 3 लाख 5 हजार 325 रुपए) जब्त कर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। उक्त सभी प्रकरण में महाराष्ट्र ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व अन्य राज्यों के आरोपी गिरफ्तार हुए हैं।

### एक सप्ताह में छह प्रकरण, 15 गिरफ्तार

एएसपी पांडे ने बताया कि नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने पिछले एक सप्ताह में गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों के छह प्रकरण दर्ज किए हैं जिसमें कुल 15 आरोपियों के कब्जे से 265 किलो गांजा, 6 सौ नग नशीली टेबलेट, 220 नग एम्पुल कुल 39 लाख 88 हजार 360 रुपए व 15 वाहन जब्त किया गया है। इस संबंध में एनटी नारकोटिक्स की प्रभारी प्रतिभा चंद्रा ने बताया कि उक्त प्रकरणों में थाना बसना में 4 आरोपियों के कब्जे से 600 नग नशीली टेबलेट व 1 किलो गांजा बरामद किया गया। इसी प्रकार पिथौरा थाने में 4 आरोपियों के कब्जे से 152 किलो गांजा, सिंघोड़ा थाना से दो आरोपियों से 22 किलो गांजा इसी थाने से दो आरोपियों से 20 किलो गांजा अन्य एक मामले में दो आरोपियों से 26 किलो गांजा तथा तुमगांव थाना अंतर्गत एक आरोपी से 5.14 किलो गांजा बरामद किया गया।

### हेल्प लाइन नंबर पर दें सूचनाः एएसपी

एएसपी प्रतिभा पांडे ने जिले के निवासियों से अपील की है कि जिले में मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए कोई भी व्यक्ति नेशनल हेल्प लाईन 1446 एवं मानस हेल्प लाइन नंबर 1933 पर गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सूचना दे सकता है।

# महासमुंद में बनेंगी 33 नई सहकारी सोसायटियां

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग के तहत "प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन योजना 2025" को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित किया गया है। जिलेवार पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके अंतर्गत महासमुंद जिले में 33 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियाँ अस्तित्व में आने जा रही हैं। पुनर्गठन के प्रस्ताव पर संबंधित सदस्य, सोसायटियाँ, बैंक शाखाएँ एवं अन्य हितधारी 08 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक अपनी दावा-आपत्तियां तीन प्रतियों में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला महासमुंद समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति का कार्यालय शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर की समस्त महासमुंद जिले की शाखाएं, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर प्रक्षेत्र महासमुंद से प्राप्त एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला महासमुंद के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है। यदि कोई आवेदक दावा-आपत्ति के निराकरण से संतोषजनक नहीं है, तो वह 07 दिवस के भीतर संयुक्त आयुक्त, सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं रायपुर, लालगंगा शॉपिंग मॉल के सामने, जी.ई. रोड रायपुर के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है।

# सूचना प्रौद्योगिकी की चपेट में धर्म आने से बढ़ रहा खतरा, हनुमान चालीसा पराजय नहीं जय का प्रतीक

## हनुमान महापाठ समिति की पहल पर पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में पं. विजय शंकर मेहता का व्याख्यान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हनुमान चालीसा महापाठ का दिव्य आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए लोग शाम 5 बजे से ही पहुंचने लगे थे। भजन गायन का सिलसिला भी चल रहा था, मगर 7 बजते ही जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता मंच पर आए। इसके बाद 'मानव– आज, कल और कल' विषय पर व्याख्यान शुरू हुआ। पाठ की महत्ता बताने के साथ ही कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी की चपेट में धर्म आने से अब खतरा बढ़ रहा, जबकि हनुमान चालीसा पराजय नहीं, जय का प्रतीक है।

वानर से मानव बनने का क्रम हनुमान चालीसा है। इसके 43 पदों की महत्ता और भाव को आज के दौर में समझने और बच्चों को समझाने की जरूरत है, नहीं तो 1990 में आई इंटरनेट की नई दुनिया बच्चों को संस्कार विहीन कर देगी। जब 17 वर्ष पहले हनुमान महापाठ समिति से जुड़े लोगों की पहल से हनुमान महापाठ का शुभारंभ रायपुर से किया। तब यही उद्देश्य था कि बच्चों को धर्म, संस्कार से जोड़ने में आयोजन सेतु की तरह काम करेगा। इसके लिए हम सब यहां कथा का हिस्सा बने हैं। हनुमान चालीसा ही एक ऐसा पाठ है, जिसकी शुरुआत ही जय से होती है। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर.. इसका मतलब यह है कि यह पाठ पराजय नहीं, जय का प्रतीक है। अगर घर में सप्ताह में दो दिन लोग सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करते हुए आहुति की आदत डालें तो इससे परिवार से निगेटिव एनर्जी खत्म होगी।

### इंटरनेट की दुनिया से कुछ समय बचाएं

श्रोता दीर्घा में संत युधिष्ठिर लाल, महंत रामसुंदर दास, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विजय अग्रवाल के साथ ही हनुमान प्रसाद अग्रवाल मौजूद थे। इनके बीच पं. मेहता ने आगे कहा कि कुटिलता और चतुरता में छोटा-सा अंतर है। कुटिलता का प्रतीक मंथरा और चतुर होने का प्रतीक हनुमानजी हैं। व्याख्यान में प्रभु राम द्वारा अगस्त्य ऋषि को हनुमान की योग्यता को लेकर प्रसंग का जिक्र करते हुए श्रोताओं से आग्रह किया कि इस इंटरनेट की दुनिया से कुछ समय निकालें और उसे परिवार से संवाद करके जरूर बिताएं।





### तीन तरीके से प्रवेश करती है असफलता

प्रसंग में कहा कि राजा के भाव हनुमान में थे। भगवान राम जब राजा बने तो सुमंत की जगह हनुमान को मंत्री बनाया। इस क्रम में पं. मेहता ने कहा कि अब लोग शान से कहते हैं कि मैं बेईमानी भी ईमानदारी से करता हूं। इस तरह की सोच लोगों के लिए असफलता के रास्ते खोल रही है। असफलता तीन तरीके से आती है। इसके लक्षण अहंकार, आलस्य और लापरवाही के रूप में लोगों में दिखाई देने लगे हैं। इसे सब बैठकर सुन रहे हैं, कई लोग जानते हैं कि उनमें ये तीनों भाव है, लेकिन बदलने के लिए सिर्फ संकल्प लेते हैं। शिवनारायण मुंधड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह, मुरली शर्मा ने इस आयोजन से जोड़ने पहल की।

## खबर संक्षेप

### पोषण पखवाड़ा 2025 का आयोजन 8 से 22 अप्रैल तक

**महासमुंद।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार "पोषण अभियान" के अंतर्गत 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक "पोषण पखवाड़ा 2025" का आयोजन पूरे जिले में किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जिला, विकासखंड, ग्राम एवं प्रत्येक केंद्र स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन आपसी समन्वय से किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और संस्थाओं से इस अभियान को जनआंदोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। पोषण पखवाड़ा के दौरान जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### खल्लारी विधानसभा में 13 नवीन सहकारी समिति गठन

**बागबाहरा।** विष्णु के सुशासन विष्णु के सुशासन मोदी के गारंटी तहत खल्लारी विधानसभा में 13 नवीन सहकारी समिति गठन होने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नवीन सेवा सहकारी समिति गठन होने की सूचना राज्य सरकार द्वारा राज पत्र में 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित की है जिससे क्षेत्र के हजारों किसान भाइयों में खुशी के लहर है आज विष्णुदेव साय की सरकार ने गांव गरीब किसान महिला युवा मजदूर व्यापारी सभी वर्गों की चिंता कर रही है ऐसे में 13 नवीन सहकारी समिति गठित होने से खल्लारी विधानसभा के हजारों किसान भाइयों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होने जा रहे हैं उक्त बातें अलका चंद्राकर भाजपा विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने कहीं अलका चंद्राकर पिछले 15 वर्षों से गांव-गांव ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहकर किसानों के सुख-दुख में हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है ऐसे में किसानों द्वारा नवीन समिति की मांग किया जा रहा था 13 नवीन सहकारी समिति अंतर्गत 61 गांव के किसान भाई को लाभ मिलेगा नवीन सहकारी समिति में बीकेबाहरा ओंकारबंद, दारगांव, डोंगरगांव, झिटकी, साल्हेभाटा, नवागांव कला, धनोरा हैं।

## विशेष आयोजनों को छोड़कर नहीं हो रहा उपयोग, पार्किंग व्यवस्था के आड़े आ रहे

# चला गया कोरोना, लाखों के प्री-फैब्र वार्ड छोड़ गया, जिला अस्पताल में बना शो-पीस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महामारी का रूप धरकर आया कोरोना तो चला गया, मगर अपने पीछे लाखों रुपए की लागत से बनाया गया प्री-फैब्र वार्ड छोड़ गया। जिला अस्पताल पंडरी में यह शो-पीस बनकर खड़ा हुआ है। साल-छह माह में होने वाले आयोजनों को छोड़कर इसका उपयोग नहीं हो रहा है और यह पार्किंग व्यवस्था के आड़े आ रहा है। विभाग अब तक इसके स्थायी उपयोग के लिए तरीका नहीं खोज पाया है।

जानकारी के अनुसार, कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मचे हाहाकार के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग 20 लाख रुपए खर्च कर तीसरी लहर से निपटने प्री-फैब वार्ड तैयार कराया गया था। जिला अस्पताल पंडरी में ईंट, सीमेंट और रेत के उपयोग के बिना इस एल्युमीनियम प्लेट की मदद से बने चार वार्ड की जरूरत ही नहीं पड़ी। कोरोना खत्म होने के बाद इसे ताला लगाकर बंद कर दिया गया। इस वार्ड का ताला कभी-कभी खुलता है, मगर इसके स्थायी उपयोग का रास्ता अब तक नहीं निकल पाया है। वार्डों में एसी की सुविधा दी गई है, मगर एल्युमीनियम प्लेट से बने होने की वजह से किसी भी मौसम मरीजों को वहां भर्ती करना बेहद मुश्किल है। गर्मी के दिनों उसके बेहद गर्मी, ठंड के मौसम में ज्यादा ठंड और बारिश के दौरान तेज आवाज की वजह से वहां मरीजों का इलाज करना मुश्किल होता है।

### वेंटिलेटर भी डंप हो गए

*स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, उस दौरान तीसरी लहर में वेंटिलेटर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए काफी संख्या में इसका इंतजाम किया गया था। जरूरत पड़ी नहीं और आयुर्वेद कॉलेज के अस्थायी कोविड वार्ड में काफी संख्या में वेंटिलेटर डंप हो गए, जो अब एक कमरे बंद कर रख दिए गए हैं, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है।*

### आक्सीजन प्लांट भी..

*कोरोनाकाल में काफी संख्या में आक्सीजन प्लांट भी लगाए गए थे। इसमें कुछेक अस्पतालों को छोड़कर बाकी का उपयोग नहीं हो रहा है। शोपीस बनने वाले कोरोनाकाल के ऑक्सीजन प्लांट आयुर्वेद कॉलेज परिसर, डीके अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित किए गए हैं, जिनका उपयोग हो ही नहीं रहा है।*

# लाइफ साइंस के पीएचडी नियमों में उलझा रविवि, बनाई कमेटी पहले भी थोक में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने लाइफ साइंस विषय में पीएचडी संबंधित नियम निर्माण के लिए कमेटी बनाई है। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। लाइफ साइंस के अंतर्गत कई तरह के विषय आते हैं।

छात्रों को पीएचडी के दौरान उस विषय का जिक्र करना होता है, जिसमें वे पीएचडी करना चाहते हैं। हाल ही में छात्रों के आवेदन रविवि को प्राप्त हुए हैं, जिसमें उन्होंने लाइफ साइंस के अंतर्गत किसी अन्य विषय का चुनाव फॉर्म भरने के दौरान पीएचडी के लिए किया, लेकिन प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद किसी अन्य विषय से पीएचडी करने की अनुमति विवि से मांगी। उक्त आवेदनों पर फैसला करते हुए विवि प्रबंधन ने उन्हीं विषय में पीएचडी करने कहा है, जो उन्होंने पूर्व में चुना था। इस प्रकार के भावी प्रकरणों की संभावना को देखते हुए लाइफ साइंस के विषय के संदर्भ में नीति निर्धारण के लिए समिति गठित किया गया है। इस कमेटी में तीन सदस्यों को रखा गया है। इसमें दो सदस्य रविवि से तथा एक सदस्य शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर से है। इस समिति द्वारा बनाए गए नियम ही लाइफ साइंस पीएचडी पर लागू होंगे।

### दो कॉलेजों को अस्थायी संबद्धता

विद्यापरिषद की बैठक में दो महाविद्यालयों को अस्थायी संबद्धता प्रदान की गई है। इसमें शासकीय आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में तृतीय वर्ष की कक्षाओं के लिए मान्यता और रायपुर का देवपुरी स्थित जैन महाविद्यालय संचालित है। जैन महाविद्यालय को निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों को सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर संबद्धता प्रदान की गई है। आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में बीएससी, बीए और बीकॉम पाठ्यक्रम का संचालन होता है।

### वर्तमान सत्र से लागू

रविवि द्वारा पीएचडी नियमों में थोक में बदलाव वर्ष 2024-25 में किए गए हैं। बदलाव के साथ ही इन्हें लागू भी कर दिया गया है। रविवि द्वारा पीएचडी के लिए लिखित परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार भी लिए जा रहे हैं। पूर्व में केवल लिखित परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश दिया जाता था। इसके अलावा पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले प्राध्यापकों के लिए साक्षात्कार में अन्य विद्यार्थियों की तुलना में अधिक अंक हासिल करने संबंधित नियम भी बीते दिनों विवि द्वारा लाया गया था।

# राम जन्मोत्सव पर मुख्यालय में गूंजा...जय हनुमान ज्ञान गुन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रामनवमी के अवसर पर रविवार देर शाम शहर के सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर में देर शाम अखंड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। रामदेव बाबा म्यूजिक ग्रुप की भजन मंडली के साथ भक्तों ने लगातार एक घंटे सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा पुस्तिका का भी वितरण किया गया। इसके पूर्व दिन भर चले विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला में दोपहर 12 बजे तक श्री सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर में अतिशबाजी कर राम जन्मोत्सव मनाया गया। पश्चात दोपहर साढ़े 12 से शाम 5 बजे तक आम भंडारा में शहरवासियों को प्रसाद वितरण किया गया। शाम 4 से करीब 7 बजे तक मानस मंडली महासमुंद ने भजन-कीर्तन किया। जिसके पश्चात देर शाम बाद बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा महापाठ की शुरूआत हुई।

**कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता :** कार्यक्रम में संतोष शुक्ला, सुरेंद्र स्वामी, चंद्रशेखर साहू, बद्रीनारायण माहेश्वरी, सुशील चंद्राकर, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, जितेंद्र इदीकर, धरम भार्गव, अनूप उपासे, अजय साहू, हेमंत साहू, सौरभ बाफना सहित मंदिर समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

# 25 साल में सिंचाई क्षमता में सिर्फ 8.48 प्रतिशत इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ एक ऐसा कृषि प्रधान प्रदेश है, जहां माना जाता है कि 70 फीसदी आबादी कृषि आधारित जीवन जीती है। ये लोग खेती से किसी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि राज्य गठन के 25 साल होने के बाद भी यहां के किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था अनुकूल हो पाई है? इस सवाल का जवाब इस तथ्य से सामने आता है कि राज्य गठन के बाद से पूरे प्रदेश में सिंचाई क्षमता में महज 8.48 प्रतिशत की वृद्धि हो पाई है। अभी भी प्रदेश में कुल सिंचित रकबा 22 प्रतिशत भी नहीं हो पाया है।

■ प्रदेश की 70 फीसदी आबादी कृषि के भरोसे

राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ में ये कल्पना की गई थी कि इस कृषि प्रधान राज्य में खेती-किसानी का विस्तार होगा। कृषि से जुड़े लोगों की आय बढ़ेगी और रोजगार में वृद्धि होगी, लेकिन राज्य गठन के बाद से लेकर अब तक सिंचाई क्षमता में विकास के आंकड़े देखें तो साफ होता है कि राज्य में तीन चौथाई से अधिक किसान और उनकी खेती मानसून में होनी वाली बारिश पर निर्भर है। बारिश अच्छी होगी तो फसल भी लहलहाएगी। अगर बारिश अपेक्षा से कम हुई तो खेती के हिस्से में सूखा और किसानों के हिस्से में निराशा ही हाथ आएगी।



### धान की खेती मानसून पर निर्भर

छत्तीसगढ़ में खेती का मुख्य आधार धान है। यहां हर साल 25 लाख से अधिक किसान धान की फसल उगाते हैं, लेकिन खास बात ये है कि धान की खेती पूरी तरह मानसून की बारिश पर निर्भर होती है। हालांकि राज्य के कई जिले रायपुर, महासमुंद, धमतरी सहित कुछ अन्य जिलों में अपेक्षाकृत सिंचाई के साधन अधिक हैं, लेकिन बस्तर, सरगुजा जैसे बड़े क्षेत्रों में अभी भी सिंचाई के साधन कम हैं।

### एक नजर सिंचाई क्षमता पर

वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय प्रदेश में कुल निर्मित सिंचाई क्षमता 13.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में थी। वर्ष 2024 में दिसंबर तक की स्थिति में यह आंकड़ा 25 साल में बढ़कर 21.76 प्रतिशत हुआ है। इसके बीच के वर्षों में धीमी गति से सिंचाई की क्षमता में विस्तार हो पाया। वर्ष 2000 से 2003 तक यह क्षमता 14.53 प्रतिशत पंहुची। 2004 से लेकर 2018 तक सिंचाई क्षमता बढ़कर 20.88 प्रतिशत पर पहुंची। 2018 में यह क्षमता 21.21 प्रतिशत थी, जो पांच साल बाद बढ़कर 2023 में 21.51 प्रतिशत तक आई। 2023 से लेकर दिसंबर 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर 21.76 प्रतिशत तक पहुंचा है।

# नवमीं को जंवारा विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

चैत नवरात्र पर ग्रामीण क्षेत्र के नर्रा सहित ग्राम परकोम खट्टी बिंद्रावन, उखरा, परसुली, राटापाली, नक्टापार, पतेरापाली(स ) एवं पंडरीपानी के पर्रा पाठ पहाड़ी निर्माणधीन वैष्णोदेवी मंदिर समेत शाकंभरी मंदिर शीतला मंदिरों व घरों मे ज्योत जंवारा का उत्सव मनाया गया, जिसमें मनोकामना का ज्योत प्रज्वलित किए गए थे नौ दिनों तक माता जस सेवा गीत



श्रद्धा भक्ति के साथ श्रद्धालु माता की आराधना मे जुटे रहे। पंचमी तिथि पर माता रानी को विशेष श्रृंगार सामग्री चुनरी एवं श्रीफल अर्पित किया गया, वहीं शनिवार दुर्गाष्टमी पर हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज कराया गया। नवरात्र के रविवार नवमीं पर ज्योत जंवारा का विसर्जन शोभा यात्रा गांव मे निकाली गई, जहां महिलाएं सफेद साड़ी धारण कर खुले बाल में कलश टोकरी लेकर मे बोए गए जंवारा को सिर पर रख कर निकली।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना के दो मामलों में दो लोगों लोगो की मौत हो गई। कोतवाली अंतर्गत घोड़ारी में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नदी चौक ग्राम घोड़ारी के पत्थर खदान में काम करने करने वाला लक्ष्मण खंडेलवाल 5 अप्रैल को खदान मजदूरी लेने आया था। मजदूरी लेकर वापस शाम लगभग 6 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 सीजेड 8142 से कांपा जा रहा था। एनएच 53 रोड कर्नेल ढाबा ग्राम घोड़ारी के पास पहुचने पर ग्राम बरबसपुर की ओर से विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3853 के चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से लक्ष्मण खंडेलवाल के सिर, कंधे, कमर एवं बांया पैर में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। एक्सीडेंट के दूसरे मामले में पटेवा थाना अंतर्गत एनएच 53 पर एक बाइक चालक की दुर्घटना में मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि मृतक नेमीचंद साहू पिता किशन लाल साहू (36 वर्ष) निवासी ग्राम चिरको थाना पटेवा जिला महासमुंद का मर्ग जांच की गई।। जांच के दौरान प्रत्यक्षदर्शी गवाह रेखचंद साहू, जितेंद्र साहू ने पूछताछ में बताया कि 5 अप्रैल को रेखचंद साहू, जितेंद्र साहू मोटर सायकल से छछान माता मंदिर दर्शन करने गये थे, दर्शन करने के बाद छछान माता चौक के पास खड़े थे, उसी समय गांव का नेमीचंद साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीके 5266 में करणी पावर प्लांट तुमगांव से काम करके वापस ग्राम चिरको जा रहा था। जिससे मुलाकात होने पर तीनों अपनी-अपनी मोटर सायकल से ग्राम चिरको जा रहे थे। शाम करीबन 6.45 बजे पीर बाबा के सामने ग्राम नवागांव के पास पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 एन 4520 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर नेमीचंद के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, घटना में नेमीचंद साहू के सिर एवं शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोट आई। जिसे ईलाज के लिए सीएचसी तुमगांव ले जाया गया। जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया।

## पेज 11 के शेष

### सुशासन तिहार का ...

मुस्तैदी से पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि समाधान पेटी में पहला आवेदन देने वाले आवेदक का अभिनन्दन करना हैं, ताकि लोग आवेदन के लिए प्रोत्साहित हों। उन्होंने सभी संबधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर आवेदन प्राप्त करने एवं पोर्टल में अपलोड सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आवेदन प्राप्त करने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार– प्रसार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी आवंटित ग्राम पंचायत का दौरा कर आवश्यक समीक्षा करें।

### रामनवमी पर निकाली...

भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें राम के जीवन के विविध पहलुओं को दर्शाया गया और लोग नृत्य-गान के साथ उत्सव में शामिल हुए। राम नवमी का यह पर्व सुहेला क्षेत्र में अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें ग्रामवासी एकजुट होकर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त करते हुए इस दिव्य पर्व को यादगार बनाए रहे।

### गांवों में पानी ...

एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये तत्काल सचिवों की व्यवस्था करें। सरपंच संघ के अध्यक्ष ने कहा कि हम सचिवों के मांग के साथ है, लेकिन फिलहाल गांवों की समस्याओं को देखते हुए आप सरपंचों को सहयोग प्रदान करें। सीईओ को ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख रूप से चंद्रमणी तिवारी तुलसी सरपंच, कुबेर यदु मर्राकोना, नेहा मुरली शर्मा लिमतरा, अन्नपूर्णा उमेश सायतोड़े किरवई, दौलत बंजारे चक्रवाय, राहुल ठाकुर बनसांकरा, शैलेन्द्री बासीन सरपंच उपस्थित थे।

### पांचवीं-आठवीं बोर्ड...


40 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। सभी शिक्षक अपने अनुभव एवं दक्षता से मूल्यांकन प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण बनाने में योगदान दे रहे हैं। विद्यालय के उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने बताया कि उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मूल्यांकन केंद्र में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल एवं आवश्यक संसाधन एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकों एवं मूल्यांकनकर्ताओं का स्वागत किया गया।

### सोसाइटी पुनर्गठन के...

में 1 मई तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी दावा आपत्ति अभ्यावेदन स्वीकार नहीं की जायेगी।



## खबर संक्षेप



### बरबसपुर में त्रिदिवसीय अखंड रामायण ज्ञान समारोह आज से

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में 8 अप्रैल मंगलवार से 11 अप्रैल शुक्रवार तक समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक में त्रिदिवसीय अखंड रामायण पाठ समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमें बाहर की मंडलियों द्वारा मानसगान की प्रस्तुति दी जाएगी। मंगलवार को संध्या 4 बजे कार्यक्रम स्थल पर आचार्य संतोष शर्मा द्वारा स्थापित भगवान राम व सत्यनारायण की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। इस आयोजन के लिए अध्यक्ष हरीश यादव, उपाध्यक्ष संतोष विश्कर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश निषाद, सचिव भानू निषाद, सहसचिव चंद्रिका यादव तैयार के लिए जुटे हैं।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण कल

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का ब्लॉक स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे गायत्री शक्तिपीठ बरोडा चौक महासमुंद में आयोजित है जिसमें कक्षा पांचवी से 12वीं, महाविद्यालय तक नौ वर्गों में आयोजित परीक्षा में मेरिट सूची में आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही साथ संबंधित संस्था के संस्था प्रमुखों एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। अतः संबंधित संस्था प्रमुखों एवं प्रभारी शिक्षकों से, एवं ब्लॉक मेरिट सूची में आए हुए सभी छात्र-छात्राओं से व सभी गायत्री परिजनों से आग्रह किया गया है कि वे सभी निर्धारित समय के पूर्व गायत्री शक्तिपीठ बरौडा चौक में उपस्थित होने की कृपा करें।

### सुशासन तिहार का पहला चरण आज से

**बागबाहरा।** राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश अनुसार सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जाना है। जिसके तहत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के समस्त वर्गो को मिले इस प्रथम चरणों में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से पुराना नगर पालिका कार्यालय, बागबाहरा में आवेदन प्राप्त किये जाएंगे तथा समाधान पेटी एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी आवेदन किये जा सकते है, जिसका सह उचित निराकरण किया जाना है।

### पचेड़ा में मानस गान सम्मेलन कल से

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा मे बजरंग मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 9 अप्रैल बुधवार से त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है जिसमे दूरस्थ अंचलों से ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों का मंचन होगा और इस कार्यक्रम के तहत लोगों को ज्ञान रुपी गंगा में डुबकी लगाकर अपने संसारिक जीवन को कृतार्थ करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। बजरंग मानस परिवार पचेड़ा के सदस्यों ने गांव के समस्त ग्रामवासी को सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने दी है।

## आयोजन : अंचल में बूथ स्तर पर मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

# लाखों महापुरुषों के मेहनत, बलिदान और कार्यकर्ताओं के श्रम से तैयार हुई भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सुहेला मंडल के आसपास बूथों में भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पूजा अर्चना एवं भाजपा का ध्वज फहराकर मनाया गया। मंडल मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा की यह पार्टी किसी सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप फेसबुक से पैदा नहीं हुई है यह पार्टी लाखों महापुरुषों के मेहनत बलिदान और कार्यकर्ताओं से परिश्रम से खड़ी हुई है। 6 अप्रैल 1980 को पार्टी का गठन हुआ अटल बिहारी वाजपेयी इसके पहले अध्यक्ष बने। यह एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। आज हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित है। हमारी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के कारण लोगों का झुकाव हमारी ओर बढ़ा है। जनता की सेवा प्रत्येक कार्यकर्ता का भाव होना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. धनीराम साहू, युगल किशोर वर्मा, देवा धृतलहरे, शीतल वर्मा, गिरजाशंकर वर्मा, नवीन वर्मा, रामकुमार साहू, बेनीराम साहू, दीपक वर्मा, बद्री वर्मा, हेमंत साहू, आनंद राम साहू, मेघनाथ साहू सहित बूथ अध्यक्षगण अपने अपने बूथों में शामिल थे।



### खरोरा मंडल ने भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**खरोरा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर खरोरा मंडल के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के पुरोधाओं के तैल्य चित्र में माल्यार्पण किया गया। मुख्य वक्ता पार्टी के वरिष्ठ नीलामबुज चंद्राकर द्वारा पार्टी के स्थापना पर प्रकाश डालते हुए पुरोधाओं के पार्टी के प्रति समर्पण की वर्णन किया गया। मंडल अध्यक्ष द्वारा प्रदेश के कार्य योजना की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नविन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, खरोरा नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, दुलेश साहू, दाऊलाल वर्मा, पंचराम यादव, मनिषा कोषले, तामेश्वर मरकाम, विकास ठाकुर, छगन यादव, घनश्याम चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, पूर्णिमा धनकर, दीपक धनकर, बृजभूषण नायक, खोमेश्वर यादव, श्रवन भोई, शकुन्तला कोषले इत्यादि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

भाटापारा। भाजपा कार्यालय में रविवार सुबह पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटी गई। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। पाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। हालांकि,1951 में जब जनसंघ की स्थापना हुई, तब से ही हमारा दल लगातार आगे बढ़ रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा की अंत्योदय एवं राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर मैं उन सभी महान विभूतियों को सादर नमन करता हूं जिनकी निःस्वार्थ सेवा, अमूल्य त्याग, कठोर परिश्रम और समर्पण से पार्टी आज इस शिखर पर पहुंची। साथ ही इस अवसर पर भाजपा के समस्त कर्मठशील, ऊर्जावान एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, सुनील यदु, महाबल बघेल, मनिंदर गुम्बर, दिलीप छाबड़िया ओम प्रकाश रात्रे, श्रेणीक गोलछा, हारून, नंदू वैष्णव, उमशंकर वर्मा, राजेश साहू,कुंजराम कोशले, सतीश साहू, कीर्तन जायसवाल, बंटी टंडन, शुभम राजपूत, प्रकाश ठाकुर, लड्डू सोनी, दिलीप चक्रधारी, मनीष मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## तालाब परिसर में बनेगा महतारी घाट, भूमिपूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत के वार्ड 7, शहीद भगत सिंह वार्ड हड़हापारा में 8 लाख की लागत से महतारी घाट निर्माण की स्वीकृति बाद सोमवार को विधिविधान से भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पार्षद ने ठेकेदार को उक्त अवधि में गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने कहा। साथ ही वार्डवासियों से कहा कि भाजपा सरकार में सब कार्य जल्द पूरे होंगे। आगामी समय तालाब का भी जीर्णोद्धार करवाकर पचरी निर्माण कराया जायेगा। महतारी घाट से बनने से महिलाओं को स्नान के दौरान कपड़े रखने में सहुलियत होगी। साथ ही बारिश के दौरान पानी की समस्या से भी सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन के दौरान अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी, पूर्व पार्षद विनोद बंजारे, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुराधा कर्ष, पूर्व पार्षद कमल कैवर्त्य, अनिता कैवर्त्य, कविता साहू, नीलिमा यादव, दीपक साहू सहित नपा के इंजीनियर, ठेकेदार सहित अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

### केशव पैनल के सभी सदस्य निर्विरोध जनपद सभापति निर्वाचित

बागबाहरा। जनपद पंचायत बागबाहरा में सोमवार को सभापति चुनाव संपन्न हुआ। जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी 09 सभापति में केशव पैनल के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। जनपद सभा गृह में सुबह 10: बजे से सुबह केशव पैनल के सदस्य ही पहुंचे और दूसरा पक्ष नहीं पहुंचने के कारण सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। केशव नायकराम में चंद्राकर पदेन सभापति सामान्य प्रशासन, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार पदेन सभापति शिक्षा विभाग, महिला बाल कल्याण समिति सभापति मधुलिका गणेश चंद्राकर, वन समिति सभापति तुलाराम ठाकुर, कृषि स्थाई समिति गरिमा केशव चंद्राकर, लोकनिर्माण समिति सभापति भुमिका रामलाल सिन्हा, उद्यानकी समिति सभापति गीता दीवान, स्वच्छता समिति सभापति भगवती ठाकुर, सहकारिता उद्योग समिति सभापति थनेश्वरी प्रहलाद साहू, संचार संकर्म समिति सभापति दिव्या उपेंद्र दीवान, स्वास्थ्य समिति सभापति लताकुमारी जनकराम कुम्हार सभापति निर्वाचित हुए।

## दुर्गाष्टमी के हवन में श्रद्धालुओं ने स्वाहा के साथ दी आहुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

रामनवमीं पर रविवार को सुबह से ही देवी मंदिरों में हवन–पूजन के लिए भक्तों की भीड़ रही। घरों व देवी मंदिरों में बनाए गए कुंड में भक्तों ने आहुतियां डालीं। तिगड्डा चौक स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ, हिरमी सहित सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही सामूहिक हवन पूजन का कार्यक्रम शुरू हो गया। बड़ी संख्या में मां के भक्तों ने हवन कुंड में आहुतियां डालीं। इसके बाद मंदिरों में कन्याओं को भोजन कराया गया और प्रसाद वितरित की गई। मंदिरों में दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। शाम को शहर सहित ग्रामीणांचल में कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। वहीं ग्राम मोहरा चितावर धाम मंदिर में रविवार को रामनवमी पर सुबह से लेकर शाम तक विविध कार्यक्रम हुए। आसपास व दूरदराज से आए मां के भक्तों ने यहां दिन भर हवन कुंड में आहुतियां डालीं। देवी मां के भक्तों ने कन्या भोजन कराकर पुण्य कमाया। कई मंदिरों में राम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया।

## विधायक संदीप साहू ने किया रामायण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

समीप के ग्राम टीपावन में साप्ताहिक रामायण समारोह का आयोजन 6 से 13 अप्रैल तक किया गया है।समारोह में मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्र घृतलहरे ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिप सदस्य शैलेंद्र बंजारे, रवि बंजारे, नप अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू, जप सदस्य मंजू हीरादास रात्रे उपस्थित रहे। सरपंच घासीन गुलशन रजक, उप सरपंच अजू मारकंडे सहित पंचगणों द्वारा अथितियों का आत्मिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक संदीप साहू ने कहा कि रामायण कथा आत्मचिंतन, मर्यादा, साहस, शक्ति का प्रतिक है। प्रभू राम हम सबको आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है, राम के चरित्र को आत्मसात करने मात्र से जीवन सफल हो जाता है। हम सभी प्रभू राम के चरित्र को जीवन में उतारकर उनके तरह उच्च विचार, सौम्य व्यवहार से जीवना दीन दुखियों के काम आना चाहिए, तभी से जीवन सफल होगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत पलारी उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि गुलशन रजक, मोहन बंजारे, शेखर वर्मा, अनिरुद्ध मिश्रा, सूर्यकांत तिवारी, काशी घृतलहरे, हर्षु वर्मा, पुनीत रजक, ऋषि साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### सिसदेवरी में नवधा रामायण का शुभारंभ

पलारी। रामनवमी पर ग्राम सिसदेवरी में नवधा रामायण दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह के अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र को हमें जीवन में आत्मसात करना चाहिए। संस्कारवान बनना चाहिए, पं. विष्णुधर दीवान ने दीप प्रज्जवलित किया और कहा कि भगवान के बताए मार्ग में हमें चलना चाहिए। उनके गुण को अपने जीवन में उपयोग करना चाहिए। समिति के संचालक खेलन प्रसाद चंद्राकर ने बताया कि मानस मंडली में भाग लेने वाले प्रत्येक टोली को 401 रुपया व श्रीफल से सम्मानित किया जावेगा। समापन 15 अप्रैल को होगा। समारोह में मनोहर चंद्राकर, विजय चंद्राकर, सीएल चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, दीपक, राकेश, राहुल, विक्की, अंकुश, रमेश जगदीश, सूर्यकांत गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## थानेश्वर को डॉक्टोरेट की उपाधि

**बलौदाबाजार।** अंबुजा विद्यापीठ के व्याख्याता व कोऑर्डिनेटर थानेश्वर वर्मा को डॉक्टोरेट की उपाधि मिली है। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई ने गणित के विषय मे शोध कार्य प्रस्तुत करने पर थानेश्वर लाल वर्मा को डॉक्टोरेट की उपाधि प्रदान की है। डॉ. वर्मा ने भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रो. डीके गंगेश्वर के मार्गदर्शन में ए स्टडी ऑफ क्यूईन्ग थ्योरी एंड इट्स एप्लीकेशन्स विषय पर अपना शोध कार्य तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया था, जिस पर 5 अप्रैल को डॉक्टोरेट की उपाधि प्रदान करने का आदेश जारी किया गया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य एसके पाण्डेय सहित विद्यालय के सभी सहकर्मी अध्यापकों ने बधाई दी है। विदित हो कि थानेश्वर लाल वर्मा विगत 33 वर्षों से अंबुजा विद्यापीठ में व्याख्याता व कोऑर्डिनेटर के रूप मे कार्यरत हैं। उन्होंने अध्यापन कार्य करते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कांन्फ्रेंस में 7 शोध पत्र प्रस्तुत किये हैं। गणित ओलम्पियाड में श्रेष्ठ परिणाम लाने के लिए भी सम्मानित किया गया है।



## आयुष मेले में 210 मरीज हुए लाभान्वित

**बलौदाबाजार।** आयुष ग्राम रसेडी द्वारा शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू के सौंजन्य से त्रैमासिक आयुष स्वास्थ मेला का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला झोका में 6 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया गया। इसमें 210 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में वात रोग, मधुमेह, बीपी, प्रतिशाय, अजिर्ण के मरीज मिले। शिविर का शुभारंभ आयुर्वेद भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना डॉ. एलएस धुव्र, डॉ. माधुरी डहरिया, सरपंच हरिराम ध्रुव, उपसरपंच बिंदा बाई ध्रुव, पंच द्रोपति ध्रुव, ग्राम प्रमुख रामप्रसाद ठाकुर, पंच विमल बांधे, जगदीश प्रसाद सोरी उपसरपंच प्रतिनिधि द्वारा पूजा अर्चना कर शिविर का प्रारंभ किया गया। ग्राम में पहली बार शिविर आयोजन से अच्छे उत्साह के साथ ग्रामवासियों ने यह शिविर का लाभ उठाया। शिविर में फामरसिस्ट विनोद कुर्रे, लक्ष्मण वर्मा, सावित्री योगी, औषधालय सेवक योगेन्द्र गेण्डरे, टेकराम साहू, योग प्रशिक्षक सुशील जायसवाल, भरत साहू सहित ग्रामवासी चित्रलेखा पाटिल, सुमित्र ध्रुव, जयपाल सिंग ठाकुर, समोखन बांधे, रामानुज ध्रुव, संतोष सुरी, शिवकुमार नेताम आदि उपस्थित थे।



## वृध्दा आश्रम एवं मनोविकास केन्द्र में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

# स्वस्थ रहने नियमित कराए स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्रीवाटिका वृध्दा आश्रम एवं मनोविकास केन्द्र में सोमवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृध्दा आश्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों संबोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल को हम विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रहे हैं, जो न केवल स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि हमें इस पर गंभीरता से विचार करने का अवसर भी देता है। स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य केवल रोग या कमजोरी की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति की सम्पूर्ण भलाई है। स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज होता है।



### लें पौष्टिक आहार व करें व्यायाम करें

उन्होंने वरिष्ठजनों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, पौष्टिक आहार लें, व्यायाम करें। शिविर में अविनाश केशरवानी ग्रामीण चिकित्सा सहायक, आशा शुक्ला, वेगेश्वर यदु, नेत्र चिकित्सा सहायक, प्रमीला जागडे, ललित साहू, आरती कश्यप, सुमन, मनीषा, रोहित वर्मा, देवेन्द्र बंजारे, शिवकुमार पैकरा, लोकेश्वर बंजारे, दुर्गेश वर्मा उपस्थित थे।

